## सार-समाचार

### शिविर में कृषकों ने लिया भाग

**करौली, (निसं)।** जिला कलक्टर ने बताया कि सोमवार को प्रात: 11:40 बजे तक करौली में तहसीलवार आयोजित समस्त फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में कुल 34755 कृषकों ने यूनिक किसान आईडी के लिए पंजीयन करवाकर लाभ लिया। जिनमें करौली में 5510, सुरौठ में 4798, हिण्डौन में 4319, सपोटरा में 3923, नादौती में 3893, टोडाभीम में 3599, श्रीमहावीरजी में 3116, मण्डरायल में 2875, मासलपुर में 2722 किसानों ने उक्त शिविरों में भाग लिया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे फार्मर रजिस्ट्री शिविर के प्रति जागरूक रहे और 11 डिजिट के यूनिक कृषक यूडीआईडी कार्ड के लिए आवेदन कर अधिक से अधिक लाभ उठायें। उन्होंने बताया कि आगामी समय में किसानों को विभिन्न कृषि योजनाओं जैसे किसान सम्मान निधि योजना एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं में यूडीआईडी कार्ड के माध्यम से ही लाभ प्राप्त होगा।उपखण्ड अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख प्रेमराज मीना ने बताया कि जिले में तहसीलवार किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 3 मार्च से 5 मार्च तक तहसील करौली में कौडर, बरखेड़ा, परीता, खूबनगर, ससेड़ी, तहसील मासलपुर में भावली, डांडा, रूंधपुरा, रतियापुरा, सपोटरा में बालोती, हाडोती, इनायती, गज्जूपुरा, कसेड, मंडरायल में बुगडार, रानीपुरा, रोधई, हिंडौन में क्यारदा खुर्द, कटकड़, बांजना कला, खरेटा, करसौली, सूरोठ में बाईजट्ट, लहचैड़ा, पाली, सूरोठ, खेड़ीहैबत, श्री महावीर जी में चांदनगांव, सनेट, टोडाभीम में झाड़ीसा, खोहरा, भनकपुर, खेड़ी, नादौती के कैमरी, गढ़खेड़ा, शहर और बड़ागांव में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

### आवेदन नौ मार्च तक

**करौली, (निसं)।** जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने बताया कि भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 18 से 25 आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी माय भारत पोर्टल के माध्यम से 9 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया की यह कार्यक्रम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा, जिसका विषय है आपकी दृष्टि में विकसित भारत का क्या अर्थ है। इस विषय पर आने वाले वीडियो में से 150 उत्कर्ष वीडियो का चयन किया जाएगा। इसके बाद चुने गए 150 प्रतिभागियों को नोडल महाविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर विचार रखने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इन प्रतिभागियों में से 10 विजेताओं का चयन राज्य स्तरीय कार्यक्रम हेतु निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में से तीन विजेताओं का चयन राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम हेतु किया जाएगा। जिन्हें राष्ट्रीय संसद नई दिल्ली में अपने विचार प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। विकसित भारत राष्ट्रीय युवा संसद 2025 के आयोजन के लिए एमएसजे राजकीय महाविद्यालय भरतपुर को नोडल महाविद्यालय के रूप में नामित किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरू युवा केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। कार्यक्रम मे जिला धौलपुर, भरतपुर, करौली के समस्त सरकारी और निजी महाविद्यालय एवं युवा संगठन सम्मिलित होंगे।

### पेंशनर से रुपये छीनकर भागा बदमाश

**करौली, (निसं)।** बैंक शाखा से रुपये निकालकर घर जा रहे वृद्ध से बदमाश भरे बाजार मे रुपये छीनकर भाग गया जिसकी पुलिस को सूचना दी है। भाजपा जिला मीडिया संयोजक मुके'ा सालौत्री ने बताया कि मेरे पिता ओमप्रका'ा शर्मा निवासी पर'ुराम कॉलोनी करौली प्रात 11:00 बजे श्री मदन मोहन जी मंदिर मे दर्शन करने के बाद 11:15 बजे अपनी पेंशन लेने एसबीआई बैंक चैधरी पाड़ा पहुॅचे जहा उन्होने अपनी पें'ान रा'ाि 45हजार रुपये के लेने के बाद वह बूरे बताशे वाली गली में होते हुए सब्जी मंडी से होकर घर जा रहे थे मगर अनाज मंडी से पुरानी सब्जी मंडी कि तरफ जब वह पहुॅचे तो एक लड़का जिसकी उम्र 24-25 साल के करीब थी वह बोला कि आप बैंक से 45हजार कि जगह 46हजार रुपेय लेकर आए हैं लडके ने अपने आप को बैंक का कर्मचारी बताया इस दौरान उसने पैसों को पिता के बैग से जबरन पैसे निकालकर गली में से चंपत हो गया जिसने पीली शर्ट और पेंट मटमेला सा था सफेद कलर कि स्वापी गले में डाली हुई थी पिता ने उसका पीछा भी किया मगर पैर में दर्द होने के कारण वह ज्यादा तेज नहीं चल सके इस दौरान बदमाश रुपये लेकर भाग गया।

### 90 किसानों की बनायी फार्मर आईडी

**सूरौठ, (निसं)।** कस्बे के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री केम्प आयोजित किया किया गया जिसमें ग्राम विकास अधिकारी जगदीश चौधरी व पटवारी पंकज जाटव,ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कैम्प में उपस्थित सभी किसानों काश्तकारों ने अपनी फार्मर आईडी बनवाया जिसमें आवश्यक दस्तावेज,आधार कार्ड की फोटो कॉपी ,नवीनतम जमाबंदी की नकल,आधार कार्ड में जुड़ा हुआ मोबाइल कि सहायता से फार्मर आईडी बनवायी गई ,जिसमें दूसरे दिन मंगलवार को कुल करीब 90 किसानों ने अपने रजिस्ट्रेशन करवाकर फार्मर आईडी बनायी गई जिसमें किसान राहुल मीना, श्यामसुंदर सैनी, शिवकेश मीना व गब्बूल सैनी सहित सभी किसानों फार्मर आईडी बनाकर उन्हें सौपी गई यह शिविर तीन दिवसीय है जिसमें जो भी फॉर्मर इच्छुक हो वह अपनी भूमि संबंधी फार्मर आईडी बनाकर लाभ प्राप्त कर सकता है जिस पर इस मौके पर भुकरावली पटवारी हरमेन्द जाटव, रोजगार सहायक विनोद सैन,रवीना रेसवाल पटवारी,कृषि पर्यवेक्षक अमरसिंह मीना, गुमान सिंह चौधरी , सहित कई अधिकारी गण उपस्थित रहें।

### जनसुनवाई 6 मार्च को

**करौली, (निसं)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल कि अध्यक्षता में ठााम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 6 मार्च गुरूवार को पंचायत समिति मासलपुर कि ठााम पंचायत गुवरेडा के भारत निर्माण केन्द्र पर किया जाएगा।उन्होंने इस संबंध अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ जनसुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिये।

# अधिवक्ताओं का 12 वें दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन




**अधिवक्ताओं का एडीजे एवं एसीजेएम कोर्ट की स्थापना को लेकर किया जा रहा धरना प्रदर्शन लगातार 12 वें दिन भी जारी रहा।**

**रूपवास, (निसं)।** कस्बे के मेला मैदान के पास स्थित न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ रूपवास की संघर्ष समिति के बैनर तले अधिवक्ताओं का एडीजे एवं एसीजेएम कोर्ट की स्थापना को लेकर किया जा रहा धरना प्रदर्शन लगातार 12 वें दिन भी जारी रहा। अधिवक्ताओं की मंगों के समर्थन में व्यापार मंडल के द्वारा सोमवार को बाजार बंद का आव्हान किया गया था। सुबह से ही दुकानदारों ने अपने अपने प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रखे।

वहीं न्यायालय परिसर में धरना दे रहे अधिवक्ताओं के पास भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री भानुप्रताप सिंह राजावत एवं शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रमोहन शर्मा पहुंचे। जहां उन्होंने अधिवक्ताओं की संघर्ष समिति के सभी सदस्यों से

- **रैली निकालकर अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन**
- **जनप्रतिनिधियों की आश्वासन के बाद खुला बाजार**
- **अभिभाषक संघ अध्यक्ष ने भी आमरण अनशन को किया स्थगित**

वार्तालाप किया।इसके बाद जल्द ही उपखण्ड मुख्यालय पर एडीजे एवं एसीजेएम स्थाई कोर्ट खुलवाने के आश्वासन पर सभी अधिवक्ताओं ने बाजार बंद को समाप्त कर दिया। साथ ही बार संघ अध्यक्ष सचिन शर्मा के द्वारा की गई आमरण अनशन करने को भी स्थगित कर दिया। आश्वासन मिलने के बाद भी अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से मांगो के पूरा नही होने तक धरना प्रदर्शन को जारी रखने का निर्णय लिया। इस अवसर पर धरना स्थल पर मौजूद वक्ताओं ने पुरजोर तरीके से मांगों को रखने के लिए मीडियाकर्मियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अलावा अभिभाषक संघ के द्वारा इस मांग का विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा समर्थन दिए जाने एवं व्यापार मंडल को धन्यवाद दिया गया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर से उपखंड अधिकारी कार्यालय तक रैली निकाली व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम का एसडीएम विष्णु बंसल को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष सचिन शर्मा, संघर्ष समिति अध्यक्ष संतोष बंसल, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पाराशर के अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता सोबरन सिंह, सुरेन्द्र सिंह परमार,नौहवत सिंह, हरदौल सिंह, नीरज राजावत, बीरेंद्र अंबेश, कृष्ण कांत कटारा, नन्द किशोर शर्मा,राजीव शर्मा,डूंगरसहाय शर्मा, राजेश शर्मा,अशोक भातरा, कृष्णा डागुर पुरा, हरवीर सिंह, नैमीचंद शर्मा,कृष्णा कटारा, केके शर्मा, दीपक परमार,नरेंद्र परमार आदि मौजूद थे।

उपखंड मुख्यालय पर एडीजे स्थाई कोर्ट व एसीजेएम कोर्ट स्थापित कराने की मांग को लेकर अभिभाषक संघ रूपवास का धरना प्रदर्शन जारी रहा। अधिवक्ताओं की मांग के समर्थन में रूपवास उपखंड के जाट समाज द्वारा जगतार सिंह चौधरी के नेतृत्व में धरना स्थल पर पहुंचकर धरना दिया । धरना स्थल को सम्बोधित करते हुए शिक्षा विद जगतार सिंह ने वकीलों की मांग को जायज बताया, धरने को पूर्व सरपंच राकेश भातरा,संघ अध्यक्ष सचिन शर्मा, संघर्ष समिति अध्यक्ष संतोष बंसल, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पाराशर, मौहनलाल शर्मा, सुरेन्द्र सिंह परमार, हरदौल सिंह, अवधेश गोयल, आदि ने सम्बोधित किया तथा सभी ने एक सुर में सरकार से मांग पूरी करने की अपील की है । जाट समाज द्वारा न्यायालय परिसर से उपखंड अधिकारी कार्यालय तक रैली निकाली गई व मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम विष्णु बंसल को ज्ञापन देकर शीघ्र ही मांग पूरी करने की अपील की गई। जाट समाज के लोगों ने कहा कि अगर सरकार द्वारा मुख्यालय पर एडीजे व एसीजेएम कोर्ट स्थापित नहीं किया तो मजबूरन उठा आंदोलन की राह अपनाने की चेतावनी भी दी गई। इस मौके पर पूर्व सरपंच राकेश भातरा, कृष्णा डागुर, हरवीर सिंह, केदार फौजी,पारस चौधरी, प्रकाश बिन ऊआ, लाखनसिंह, तेजसिंह, सुरेश सरपंच, हरीराम,सोनू पछांदरा, जसवंत सिंह, बलवीर सिंह,भीकम सिंह, जीवन सिंह, यशवंत सिंह, धर्मसिंह, गनपत फौजी, धनश्याम फौजी, दलवीर सिंह, अशोक भातरा, पुरुषोत्तम सिंह आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

भरतपुर, (निसं)। वेटनरी डॉक्टर्स एसोसिएसन राजस्थान के द्वारा मुख्यमत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री मंगला बीमा योजना अंतर्गत आवश्यक संसाधन एवं स्पेशल परियोजना भत्ता दिलवाने एवं वेटरीनरी प्रेक्टिस फीस रुल्स 2013 मंहगाई अनुसार आवष्यक बढोरी करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि पूर्ववर्ती राज्य सरकार द्वारा एसआईपीएफ विभाग एवं पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों के दो दुधारू पशुओं के बीमा हेतु कामधेनु बीमा योजना लाई गई थी। जिसके अंतर्गत प्रोठााम में सरकार द्वारा पशु चिकित्सकों को प्रतिमाह 5000 स्पेशल भत्ता देने की घोषणा की गई थी लेकिन वर्तमान में सरकार द्वारा राज्य में पशुपालकों के हितार्थ मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की घोषणा की गई थी जिसके अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के 21 लाख पशुओं का निशुल्क बीमा किया जाना हैं। वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत पाँच श्रेणियों के पशुओं का शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन बिना किसी भी प्रकार के भत्ते अथवा संसाधन के पशुपालन पालन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा स्वंय के संसाधनों से पूर्ण किया जा चुका है। मुख्यमंत्री से संघ निवेदन करता है कि पशुपालकों के हितकर राज्य सरकार द्वारा इस महती योजना को पूर्ण करने हेतु संसाधन के अभाव में पूर्ण करना संभव नहीं है।

# 'मेले में श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े'

**करौली, (निसं)।**जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि जिले मे कैलादेवी मेला 27 मार्च से प्रारंभ हो रहा है इस संबंध मे सभी अधिकारी मेला संबंधी व्यवस्थाओं एवं सौपी गई जिम्मेदारियों को सक्रिय रहकर समन्वयता स्थापित करते हुए निर्धारित समयावधि से पूर्व ही पूर्ण करना सुनिश्चित करें जिससे कि मेले मे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना नही करना पडे।

जिला कलक्टर मंगलवार को कैलोदवी कस्बा स्थित पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कैलादेवी मेला से सम्बन्धित बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने मेले से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को तय की गई कार्ययोजना के साथ पूर्ण करें जिससे मेले में किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न ना हो। जिला कलक्टर ने मेले के दौरान पार्किग स्थल चिन्हित करने, साईन बोर्ड लगाने, निर्धारित शुल्क से ज्यादा शुल्क वसूलने पर सख्त कार्यवाही करने,साफ सफाई दुरूस्त रखने,मोबाईल टॉयलेट की पूर्ण व्यवस्था रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होने बैठक मे उपखण्ड अधिकारी,तहसीलदार एवं विकास अधिकारी को सप्ताह में दो बार मेले से संबंधित व्यवस्थाओं का संयुक्त निरीक्षण करने,नगर परिषद आयुक्त एवं ग्राम पंचायत के विकास अधिकारी को मेला परिसर व करौली शहर में साफ-सफाई करवाने एवं मेले के दौरान पंचायत के द्वारा लगभग 100 सफाईकर्मी कि व्यवस्था रखने, विद्युत विभाग के अधिकारी को सूरौठ कस्बा से कैलादेवी तक ढीले तारों को टाईट करने एवं क्षितठास्त विद्युत खंभो को बदलने,पीएचईडी के अधीक्षण अभियन्ता को मेले के दौरान आवश्यकता अनुसार पेयजल व्यवस्था रखने, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी को मेले से पूर्व सडक के आस पास अतिक्रमण को हटाने,मेले परिसर के बाहर बन रहे वाईपास का समय पर कार्य पूर्ण करने, आरएसआरटीसी के अधिकारी को मेले के दौरान चालकों को सुरक्षित रूप से वाहन चलाने के निर्देश देने,परिवहन अधिकारी को वाहनों की फिटनेस जॉचने एवं लाईसेंस जारी करने,मुख्य कार्यकारी अधिकारी को संबंधित ठााम पंचायतों में साफ-सफाई के संबंध में मेले के दौरान समय-समय पर निरीक्षण करने,संबंधित ठााम पंचायत को सफाई के लिये राशि जारी करने, उपखंड अधिकारी एवं नगर परिषद आयुक्त को सडक किनारे लगाये जाने वाले भंडारे एवं डीजे को सडक से 30 मीटर दूर रखने,भंडारों के पास कचरा निस्तारण पात्र रखने, सीएमएचओ को चिकित्सा व्यवस्था एवं दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, एंबुलेंस, जीवन रक्षक उपकरण, जीवन रक्षक दवाओं की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कालिसिल नदी के घाटों की साफ सफाई रखने, गोताखोरों की पर्याप्त व्यवस्था रखने, फायरबिठोड की व्यवस्था करने, आवारा पशु मेले में नजर नहीं आएं इसके लिए ठााम पंचायत पशुपालन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवारा पशुओं के लिए अलग से व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मेला अवधि के दौरान अवैध एवं ऑवरलोडिग वाहनों पर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए परिवहन विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कैलादेवी तक मार्ग मे फुटपाथ पर हो रहे अतिक्रमण को पुलिस, सानिवि एवं पंचायतीराज को समन्वय स्थापित कर हटवाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सम्बन्धित ट्रस्ट को निर्देश दिये कि वे मेले के दौरान पार्किंग,रोशनी एवं पेयजल की व्यवस्था मेला प्रारम्भ होने से पूर्व ही कर लें।

## सार-समाचार

### समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक

**करौली, (निसं)।** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट में आवश्यक सेवाओं के सम्बन्ध में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने कृषि, सड़क, पेयजल व विद्युत आपूर्ति, मौसमी बीमारी, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग निस्तारण समय आदि की जिले में प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला कलेक्टर ने 2025-26 एवं 2024-25 बजट घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विती के निर्देश दिये। जहॉ जहॉ भी भूमि आवंटन की आवश्यकता है उनके प्रस्ताव शीघ्र सक्षम स्तर को भिजवाये जिससे आवंटन प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कर बजट घोषणाओं को धरातल पर लाया जाए।जिला कलक्टर ने राज्य सरकार की मंशा अनुरूप मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मार्मिक पहल हरियालो राजस्थान के तहत वृहद वृक्षारोपण महाअभियान को जिले में सफल बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पौधारोपण की पूर्व तैयारी सभी स्तरों पर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही गत वर्ष लगाए गए पौधों की देखभाल एवं उचित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए। वहीं पशुपालन, पंचायतीराज एवं नगरपरिषद् के प्रभारी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सड़कों पर घूम रहे निराश्रित बैलों के बधियाकरण के लिए निर्देशित किया। आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के शहरी एवं ठाामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित जलापूर्ति बनाए रखने के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रकाशचंद मीना आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिससे जिले में आगामी गर्मियों के दिनों में किसी भी प्रकार के पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। बैठक में उन्होंने अधीक्षण अभियंता से जिले में अब तक किए गए नल कनेक्शनों एवं मौजूदा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था से संबन्धित जानकारी प्राप्त की। जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्तमान प्रगति की समीक्षा की और अब तक जारी किए गए कार्यादेशों के तहत संचालित कार्यों की प्रगति का विस्तृत ब्यौरा भी प्राप्त किया। वहीं हेंडपम्प मरम्मत अभियान की प्रगति के सम्बंध में विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने सीएमएचओं को चिकित्सालयों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने, विद्युत विभाग के अधिकारी को सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि समस्त अधिकारी राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त कार्यालय, मानवाधिकार आयोग कार्यालय, संभागीय आयुक्त कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, जनसुनवाई व रात्रि चैपालों में प्राप्त प्रकरणों एवं 90 दिन से लंबित चल रहे परिवादों का निर्धारित समय सीमा से पूर्व निस्तारण कर आमजन को राहत दिलवाना सुनिश्चित करे।उन्होंने बैठक में राजस्व, माइनिंग, सेल टैक्स, परिवहन एवं आबकारी विभाग को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

### प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**करौली, (निसं)।** हिंडौन निवासी शिशपाल सिंह जादौन के नेतृत्व में प्रतिभा सम्मान एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया। गोवर्धन रिसोर्ट मे आयोजित राजपूत समाज के होली मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अजय सिंह जिला अध्यक्ष श्री राजपूत सभा करौली,गिर्राज सिंह मलिंगा पूर्व मंत्री, गोवर्धन सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष, देवी सिंह बदनपुरा जिला सर संघ संचालक, आरएसएस, केशर सिंह नरुका प्रांत प्रमुख, केशव विद्या भारती, आरएसएस, सत्यसरूप सिंह,दीपक सिंह नरुका सवाई माधोपुर, आरपीएस गिरधर सिंह सहित कई राजपूत समाज के अतिथि उपस्थित रहे।ऽ अजय सिंह जादौन को करौली जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किए जाने, ऽ गोवर्धन सिंह जादौन को भाजपा जिला अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने,श्रीमती सीमा जादौन को जिला शिक्षा अधिकारी पद पर मनोनीत किए जाने तथा घुड़सवार बेटी कु. धानवी सिंह पिचानोत को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल जीतने पर समारोह में उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों व समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा भव्य सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में समाज के गौरवशाली व्यक्तित्वों कि उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर अतिथियो ने समाजिक कुरितीयो,राजनैतिक क्षेत्र,'ाक्षा जगत आदि पर अपने-अपने विचार रखे इस अवसर पर बार एसोसिए'ान करौली अध्यक्ष जयेन्द्र सिंह एडवोकेट,वि'व हिंदु परिषद के अध्यक्ष चैरजी सिंह,वेद प्रताप सिंह उर्फ लालाजी,नरेन्द्र सिंह जादौन,ऊधौसिंह एडवोकेट,हैडकॉस्टेबिल सुरेन्द्र सिंह जादौन,जितेन्द्र सिंह जादौन के अलावा करौली,हिंडौन,नादौती सहित जिले भर से समाज के प्रमुख लोग व मातृ शक्ति कार्यक्रम मे उपस्थित रही।

### खेत पर कार्य के दौरान युवक की मौत

**नदबई, (निसं)।** नदबई क्षेत्र के गांव रायसीस में मंगलवार सुबह खेत पर कार्य करने दौरान एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल करते हुए शव को कब्जे में लिया। बाद में पुलिस ने चिकित्सालय में युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया। विभागीय सूत्रों की मानें तो प्रवीण सिंह पुत्र छैलसिंह, मंगलवार सुबह अपने खेत पर कार्य करने गया। इसी दौरान बोरवेल की विद्युत लाइन दुरुस्त करने दौरान करण्ट लगने से युवक अचेत हो गया। परिजनों ने युवक को अचेत देख, नदबई चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल करते हुए शव को कब्जे में लिया। बाद में पुलिस ने जांच पडताल करे हुए चिकित्सालय में युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया। इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही हुआ।

### मातृ सम्मलेन का कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर, (निसं)।** उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर एवं चुन्नीलाल चावला विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मातृ सम्मलेन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सुरभि जिंदल, कार्यक्रम की अध्यक्ष मोनिका अठावाल रही एवं मुख्य वक्ता भागीरथ सिंह रहे। अपने उद्बोधन में भागीरथ सिंह ने भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं का उल्लेख करते हुए मातृशक्ति को आव्हान किया कि वे जीजाबाई बनकर अपने बालक को शिवाजी जैसा चरित्रवान बनायें।

# करौली में चोरों ने एक ही रात में तीन दुकानों को बनाया निशाना



**कपडा बाजार में दुकान में हुई चोरी की घटना की जांच पड़ताल करती पुलिस।**

**करौली, (निसं)।** करौली के कपडा बाजार में चोरों ने एक ही रात में तीन दुकानों को निशाना बनाया। दो दुकानों से चोर नकदी और सामान लेकर फरार हो गए। तीसरी दुकान कि शटर तोड़ने का प्रयास विफल रहा। जिसको लेकर दुकानदारो मे रोष व्याप्त हो गया।

जानकारी के अनुसार करौली शहर के कपडा बाजार व चैधरी पाडा मे चोरो ने तीन दुकानो को नि'ााना बनाया जिनमे से चोर दो दुकानो कि शटर तोड कर नगदी व सामान चुरा ले गये वही एक कपडे कि दुकान कि शटर तोडने के दौरान सफल नही हो सके मौके पर पहुॅचे पुलिस अधिकारियो ने मौका मुआयना करते हुए दुकानदारो से जानकारी जुटाई चोरो ने सोमवार,मंगलवार कि रात्रि को चोरी कि बारदात को अंजाम दिया व्यापारियो को प्रात: दुकानों की शटर खुली मिली तो घटना का पता चला। चोरों ने नरेश बजाज कि कपड़े की दुकान और खेमचंद की किराना दुकान से नकदी और सामान चुराया। वही राम बख्श धन्ना बजाज कि दुकान में चोरी का प्रयास नाकाम रहा। घटना कि सूचना मिलते ही कोतवाली थानाधिकारी आध्यात्म गौतम, पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम,अस्पताल चैकी प्रभारी बृजराज शर्मा,डीएसबी से मनोज चैधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।जहा घटना कि जांच शुरू करते हुए आस पास लगे सीसी टीबी कैमरो कि फुटेज खंगाली वही अभय कमांड से भी सीसी टीबी फुटेज जॉची चोरी कि घटना के बाद दुकानदारो मे रोष व्याप्त हो गया और वह बाजार मे सडक पर ही फर्श बिछाकर बैठ गये इस दौरान पुलिस अधिकारियो ने उनसे समझाइश कि इसके बाद वह मान गये और वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष्ज्ञ मदन मोहन उर्फ विक्की बाजाज के नेतृत्व में कपड़ा व्यापारी नीरज गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार बाजा, राधा मोहन बाजाज, पुरूषोत्तम जिन्दल, विजय बाजाज,अमर सिंह तंवर, रमेश बाजाज, जगदीश गुप्ता,अशोक गुप्ता, संजू बाजाज के अलावा अन्य व्यापारी और अठावाल समाज अध्यक्ष ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन पे'ा कर चोरी कि घटना पर रोष जताते हुए पीडितो के माल एव राशि कि बरामदगी कर चोरी मे लिप्त आरोपियो को गिरफ्तार करने के साथ पुलिस गस्त बढाने कि मांग कि ज्ञात रहे कि इससे पूर्व चित्रकूट नगर में दो दिन पूर्व एक घर से सात लाख रुपए का सामान चोरी हुआ था। वह परिवार शादी समारोह में गया हुआ था। दोनों मामलों में अभी तक पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली है।

## कैंसर के कारण, निदान व इलाज पर व्याख्यान

**भरतपुर, (निसं)।** एमएसजे कॉलेज में कैंसर के कारण, निदान एवं इलाज पर व्याख्यान-मुख्य अतिथि व वक्ता यूएसए से पधारे डॉ ओपी शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्राणीशास्त्र विभाग एवं आईक्यूएसी सैल के संयुक्त तत्वाधान में कैंसर विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम हरवीर सिंह प्राचार्य एमएसजे कॉलेज की अध्यक्षता में शुरू हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में यूएस के वैज्ञानिक डॉ. ओपीशर्मा रहे। सर्वप्रथम प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ कमलेश सिसोदिया द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। डॉ मुकेश कुमार द्वारा डॉ ओपी शर्मा का संक्षिप्त परिचय एवं कैंसर के क्षेत्र में किये गये शोध कार्यों को प्रस्तुत किया गया। डॉ ओपी शर्मा द्वारा कैंसर का विभिन्न कारकों जैसे पर्यावरण, जीवन शैली आनुवांशिक आदि को विस्तार से समझाया इसमें तम्बाकू, शराब, प्रदुषण को मुख्य रूप से कैंसर कारक के रूप में समझाया गया। साथ ही प्रारंभिक अवस्था में कैंसर की रोकथाम एवं उपचार की आधुनिक विधियों को वैज्ञानिक तरीके से समझाया गया। अंत में डॉ अशोक गोयल आईक्यूएसी समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# सेमिनार में सोलर पंप सेट की जानकारी दी




**एक दिवसीय संभाग स्तरीय सेमीनार जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई।**

**भरतपुर, (निसं)।** कार्यालय संयुक्त निदेशक उद्यान विभाग द्वारा पीएम कुसुम योजनांतर्गत, सोलर पंप सेट जागरूकता के लिए एक दिवसीय संभाग स्तरीय सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें अलवर, डीग, भरतपुर, धौलपुर, करौली तथा सवाईमाधोपुर जिले के लगभग 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला

- **'50 हजार सोलर पंप सेट के अलावा लक्ष्य निर्धारित कर एक लाख सोलर पंप सेट स्थापित किये जायेंगे'**

कलक्टर एवं संभागीय आयुक्त भरतपुर डॉ. अमित यादव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सेमीनार का शुभारंभ किया गया।

जिला कलक्टर ने कहा कि किसानों को अपनी गिरदावरी स्वयं करनी चाहिए क्योंकि इससे पारदर्शिता आएगी और किसानों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में लग रहे फार्मर्स रजिस्ट्री शिविरों में जाकर अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराये। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आधार कार्ड से आज अनेक लाभ मिल रहे हैं, उसी तरह से फार्मर्स रजिस्ट्री शिविर में पंजीकरण कराने से भविष्य में सरकार द्वारा किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं का सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को विभिन्न प्रशिक्षणों में राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न बीमा योजनाओं की जानकारी भी दी जानी चाहिए। संयुक्त निदेशक उद्यान योगेश कुमार शर्मा ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 12 मार्च को राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर पूरे प्रदेश में 50 हजार किसानों को सोलर पंप सेट स्थापित करने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई थी। उन्होंने बताया कि योजना के प्रति किसानों के रुझान को देखते हुए 50 हजार सोलर पंप सेट के अतिरिक्त लक्ष्य निर्धारित करते हुये वर्तमान में पूरे प्रदेश में एक लाख सोलर पंप सेट स्थापित किये जायेंगे। सेमीनार में संभागीय सहायक निदेशक कृषि राधारमण शर्मा, सहायक निदेशक उद्यान अमर सिंह, लेखाधिकारी राजेन्द्र सोनी, कृषि अधिकारी डॉ सीमा गुप्ता, देवेन्द्र सिंह रोहित, हेम सिंह तथा अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।